by E-mail
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पण्डकी, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय
वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2036 / न्यूज कटिंग / 80, दिनांक 11–05–2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

विषयः– **जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज शीर्षक "अब जांच टीम की निगरानी में होंगे जल जीवन मिशन के नए काम" के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (10.05.2026) में प्रकाशित न्यूज कटिंग अधोहस्ताक्षरी को **व्हाट्स एप के माध्यम** से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| "अब जांच टीम की निगरानी में होंगे जल जीवन मिशन के नए काम" | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 200 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ जनपद में औसतन 95.56 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को स्थाई रूप से पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br>➢ **कुम्हरिया उमरी सादात पेयजल योजना वि0ख0 अमरोहा** के कार्य मैसर्स–पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य टॉप डाम तक पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण, बाउड्रीवॉल का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण व पाइप लाइन का कार्य 7.4 कि0मी0 के सापेक्ष 7.4 कि0मी0 पूर्ण, गृहजल संयोजन का कार्य 332 नग के सापेक्ष 276 नग पूर्ण एवं पूर्व में रास्तों की मरम्मत करा दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि पेयजल योजना पर विद्युत संयोजन का कार्य अवशेष है। |

D/News Cutting/205/DM, DIOS etc

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | ➢ बुढेरना पेयजल योजना विकास खण्ड अमरोहा के कार्य मैसर्स–पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य जी.एल. तक पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 8.593 कि0मी0 के सापेक्ष 8.768 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन 476 नग के सापेक्ष 320 नग का कार्य पूर्ण है।<br>➢ उक्त योजना पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोलर वायर डेमेज करने के कारण योजना पर डायेरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से आंशिक रूप से की जा रही पेयजलापूर्ति बाधित है। |

जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच जल निगम (ग्रामीण) एवं शासन द्वारा नामित थर्ड पार्टी एजेन्सी द्वारा की जाती है।

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। वर्तमान में योजनाओं पर धनराशि का अभाव होने के कारण कार्यों की प्रगति धीमी हैं। उक्त योजनाओं पर धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त कार्य लक्षित तिथि के अर्न्तगत पूर्ण कर लिये जायेंगे।

भवदीय

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादावाद।
3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।
4– जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
5– अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादावाद।
6– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7– सम्बन्धित फर्म को इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजना के समस्त कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

D/News Cutting/205/DM. DIOS etc

Scanned with CamScanner